an>

Title: Need to implement Ayushman Bharat Yojana in West Bengal - laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना “आयुष्मान भारत" की ओर दिलाना चाहता हूं जिसके माध्यम से इस देश के करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में स्वास्थय एवं खुशहाली आयी है । माननीय प्रधानमंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में "आयुष्मान भारत" योजना संचालित हो रही है जिसके तहत गरीबों को 5 लाख तक की चिकित्सा केन्द्र सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है किन्तु अत्यंत खेदपूर्वक बताना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस योजना को अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है जिसके कारण पश्चिम बंगाल के करोड़ों गरीब इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं और समुचित इलाज के अभाव में असमय दम तोड़ दे रहे हैं । मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भी "आयुष्मान भारत' योजना को संचालित कराने के लिए यथोचित कार्यवाही किया जाए ।